# भारतीय दण्ड संहिता

## (1860 का अधिनियम संख्यांक 45)[1]

**[6 अक्तूबर, 1860]**

**अध्याय 1**

## प्रस्तावना

**उद्देशिका**—[2][भारत] के लिए एक साधारण दण्ड संहिता का उपबंध करना समीचीन है; अत: यह निम्नलिखित रूप में अधिनियमित किया जाता है :—

**1. संहिता का नाम और उसके प्रवर्तन का विस्तार**—यह अधिनियम भारतीय दण्ड संहिता कहलाएगा, और इसका [3][विस्तार [4][जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय] सम्पूर्ण भारत पर होगा]।

**2. भारत के भीतर किए गए अपराधों का दण्ड**—हर व्यक्ति इस संहिता के उपबन्धों के प्रतिकूल हर कार्य या लोप के लिए जिसका वह [5][भारत] [6]*** के भीतर दोषी होगा, इसी संहिता के अधीन दण्डनीय होगा अन्यथा नहीं।

**3. भारत से परे किए गए किन्तु उसके भीतर विधि के अनुसार विचारणीय अपराधों का दण्ड**—[8][भारत] से परे किए गए अपराध के लिए जो कोई व्यक्ति किसी [7][भारतीय विधि] के अनुसार विचारण का पात्र हो, [8][भारत] से परे किए गए किसी कार्य के लिए उससे इस संहिता के उपबन्धों के अनुसार ऐसा बरता जाएगा, मानो वह कार्य [5][भारत] के भीतर किया गया था।

[9][**4. राज्यक्षेत्रातीत अपराधों पर संहिता का विस्तार**—इस संहिता के उपबंध—

[10][(1) भारत से बाहर और परे किसी स्थान में भारत के किसी नागरिक द्वारा ;

(2) भारत में रजिस्ट्रीकृत किसी पोत या विमान पर, चाहे वह कहीं भी हो किसी व्यक्ति द्वारा, किए गए किसी अपराध को भी लागू है ;]

[11][(3) भारत में अवस्थित कंप्यूटर संसाधन को लक्ष्य बनाकर भारत के बाहर और परे किसी स्थान पर किसी व्यक्ति द्वारा अपराध का किया जाना ।]

---

[1] भारतीय दंड संहिता का विस्तार बरार विधि अधिनियम, 1941 (1941 का 4) द्वारा बरार पर किया गया है और इसे निम्नलिखित स्थानों पर प्रवृत्त घोषित किया गया है :—

संथाल परगना व्यवस्थापन विनियम (1872 का 3) की धारा 2 द्वारा संथाल परगनों पर ;

पंथ पिपलोदा, विधि विनियम, 1929 (1929 का 1) की धारा 2 तथा अनुसूची द्वारा पंथ पिपलोदा पर ;

खोंडमल विधि विनियम, 1936 (1936 का 4) की धारा 3 और अनुसूची द्वारा खोंडमल जिले पर ; और

आंगुल विधि विनियम, 1936 (1936 का 5) की धारा 3 और अनुसूची द्वारा आंगुल जिले पर ;

इसे अनुसूचित जिला अधिनियम, 1874 (1874 का 14) की धारा 3 (क) के अधीन निम्नलिखित जिलों में प्रवृत्त घोषित किया गया है, अर्थात्—

संयुक्त प्रान्त तराई जिले—देखिए भारत का राजपत्र (अंग्रेजी), 1876, भाग 1, पृ० 505, हजारीबाग, लोहारदग्गा के जिले [जो अब रांची जिले के नाम से ज्ञात हैं,—देखिए कलकत्ता राजपत्र (अंग्रेजी), 1899, भाग 1, पृ० 44 और मानभूम और परगना]। दालभूम तथा सिंहभूम जिलों में कोलाहन—देखिए भारत का राजपत्र (अंग्रेजी), 1881, भाग 1, पृ० 504।

उपरोक्त अधिनियम की धारा 5 के अधीन इसका विस्तार लुशाई पहाड़ियों पर किया गया है—देखिए भारत का राजपत्र (अंग्रेजी), 1898, भाग 2, पृ० 345।

इस अधिनियम का विस्तार, गोवा, दमण तथा दीव पर 1962 के विनियम सं० 12 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा ; दादरा तथा नागर हवेली पर 1963 के विनियम सं० 6 की धारा 2 तथा अनुसूची 1 द्वारा ; पांडिचेरी पर 1963 के विनियम सं० 7 की धारा 3 और अनुसूची 1 द्वारा और लकादीव, मिनिकोय और अमीनदीवी द्वीप पर 1965 के विनियम सं० 8 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा किया गया है।

[2] "ब्रिटिश भारत" शब्द अनुक्रमशः भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948, विधि अनुकूलन आदेश, 1950 और 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा प्रतिस्थापित किए गए हैं।

[3] मूल शब्दों का संशोधन अनुक्रमशः 1891 के अधिनियम सं० 12 की धारा 2 और अनुसूची 1, भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937, भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948 और विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा किया गया है।

[4] 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा "भाग ख राज्यों को छोड़कर" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[5] "उक्त राज्यक्षेत्र" मूल शब्दों का संशोधन अनुक्रमशः भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937, भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948, विधि अनुकूलन आदेश, 1950 और 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा किया गया है।

[6] 1891 के अधिनियम सं० 12 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "पर या 1861 की मई के उक्त प्रथम दिन के पश्चात्" शब्द और अंक निरसित।

[7] भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937 द्वारा "सपरिषद् भारत के गवर्नर जनरल द्वारा पारित विधि" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[8] "उक्त राज्यक्षेत्रों की सीमा" मूल शब्दों का संशोधन अनुक्रमशः भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937, भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948, विधि अनुकूलन आदेश, 1950 और 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा किया गया है।

[9] 1898 के अधिनियम सं० 4 की धारा 2 द्वारा मूल धारा के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[10] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा खण्ड (1) से खण्ड (4) के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[11] 2009 के अधिनियम सं० 10 की धारा 51 द्वारा अंत:स्थापित।

**45. "जीवन"**—जब तक कि संदर्भ से तत्प्रतिकूल प्रतीत न हो, "जीवन" शब्द मानव के जीवन का द्योतक है ।

**46. "मृत्यु"**—जब तक कि संदर्भ के तत्प्रतिकूल प्रतीत न हो, "मृत्यु" शब्द मानव की मृत्यु का द्योतक है ।

**47. "जीवजन्तु"**—"जीवजन्तु" शब्द मानव से भिन्न किसी जीवधारी का द्योतक है ।

**48. "जलयान"**—"जलयान" शब्द किसी चीज का द्योतक है, जो मानवों के या सम्पत्ति के जल द्वारा प्रवहण के लिए बनाई गई हो ।

**49. "वर्ष" या "मास"**—जहां कहीं "वर्ष" शब्द या "मास" शब्द का प्रयोग किया गया है वहां यह समझा जाना है कि वर्ष या मास की गणना ब्रिटिश कलैंडर के अनुकूल की जानी है ।

**50. "धारा"**—"धारा" शब्द इस संहिता के किसी अध्याय के उन भागों में से किसी एक का द्योतक है, जो सिरे पर लगे संख्यांकों द्वारा सुभिन्न किए गए हैं ।

**51. "शपथ"**—शपथ के लिए विधि द्वारा प्रतिस्थापित सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञान और ऐसी कोई घोषणा, जिसका किसी लोक सेवक के समक्ष किया जाना या न्यायालय में या अन्यथा सबूत के प्रयोजन के लिए उपयोग किया जाना विधि द्वारा अपेक्षित या प्राधिकृत हो, "शपथ" शब्द के अन्तर्गत आती है ।

**52. "सद्भावपूर्वक"**—कोई बात "सद्भावपूर्वक" की गई या विश्वास की गई नहीं कही जाती जो सम्यक् सतर्कता और ध्यान के बिना की गई या विश्वास की गई हो ।

[1][**52क. "संश्रय"**—धारा 157 में के सिवाय और धारा 130 में वहां के सिवाय जहां कि संश्रय संश्रित व्यक्ति की पत्नी या पति द्वारा दिया गया हो, "संश्रय" शब्द के अन्तर्गत किसी व्यक्ति को आश्रय, भोजन, पेय, धन, वस्त्र, आयुध, गोलाबारूद या प्रवहण के साधन देना, या किन्हीं साधनों से चाहे वे उसी प्रकार के हों या नहीं, जिस प्रकार के इस धारा में परिगणित हैं किसी व्यक्ति की सहायता पकड़े जाने से बचने के लिए करना, आता है ।]

**अध्याय 3**

## दण्डों के विषय में

**53. "दण्ड"**—अपराधी इस संहिता के उपबंधों के अधीन जिन दण्डों से दण्डनीय हैं, वे ये हैं—

**पहला**—मृत्यु ;

[2][**दूसरा**—आजीवन कारावास ;]

[3]* * * * *

**चौथा**—कारावास, जो दो भांति का है, अर्थात् :—

(1) कठिन, अर्थात् कठोर श्रम के साथ ;

(2) सादा ;

**पांचवां**—सम्पत्ति का समपहरण ;

**छठा**—जुर्माना ।

[4][**53क. निर्वासन के प्रति निर्देश का अर्थ लगाना**—(1) उपधारा (2) के और उपधारा (3) के उपबन्धों के अध्यधीन किसी अन्य तत्समय प्रवृत्त विधि में, या किसी ऐसी विधि या किसी निरसित अधिनियमिति के आधार पर प्रभावशील किसी लिखत या आदेश में "आजीवन निर्वासन" के प्रति निर्देश का अर्थ यह लगाया जाएगा कि वह "आजीवन कारावास" के प्रति निर्देश है ।

(2) हर मामले में, जिसमें कि किसी अवधि के लिए निर्वासन का दण्डादेश दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, [5][1955 (1955 का 26)] के प्रारम्भ से पूर्व दिया गया है, अपराधी से उसी प्रकार बरता जाएगा, मानो वह उसी अवधि के लिए कठिन कारावास के लिए दण्डादिष्ट किया गया हो ।

(3) किसी अन्य तत्समय प्रवृत्त विधि में किसी अवधि के लिए निर्वासन या किसी लघुतर अवधि के लिए निर्वासन के प्रति (चाहे उसे कोई भी नाम दिया गया हो) कोई निर्देश लुप्त कर दिया गया समझा जाएगा ।

(4) किसी अन्य तत्समय प्रवृत्त विधि में निर्वासन के प्रति जो कोई निर्देश हो—

---

[1] 1942 के अधिनियम सं० 8 की धारा 2 द्वारा अंत:स्थापित ।
[2] 1955 के अधिनियम सं० 26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "दूसरा —निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
[3] 1949 के अधिनियम सं० 17 की धारा 2 द्वारा खण्ड "तीसरा" का लोप किया गया ।
[4] 1955 के अधिनियम सं० 26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा अंत:स्थापित ।
[5] 1957 के अधिनियम सं० 36 की धारा 3 और अनुसूची 2 द्वारा "1954" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

(क) यदि उस पद से आजीवन निर्वासन अभिप्रेत है, तो उसका अर्थ आजीवन कारावास के प्रति निर्देश होना लगाया जाएगा ;

(ख) यदि उस पद से किसी लघुतर अवधि के लिए निर्वासन अभिप्रेत है, तो यह समझा जाएगा कि वह लुप्त कर दिया गया है ।]

**54. मृत्यु दण्डादेश का लघुकरण**—हर मामले में, जिसमें मृत्यु का दण्डादेश दिया गया हो, उस दण्ड को अपराधी की सम्मति के बिना भी [1][समुचित सरकार] इस संहिता द्वारा उपबन्धित किसी अन्य दंड में लघुकृत कर सकेगी ।

**55. आजीवन कारावास के दण्डादेश का लघुकरण**—हर मामले में, जिसमें आजीवन [2][कारावास] का दण्डादेश दिया गया हो, अपराधी की सम्मति के बिना भी [3][समुचित सरकार] उस दण्ड को ऐसी अवधि के लिए, जो चौदह वर्ष से अधिक न हो, दोनों में से किसी भांति के कारावास में लघुकृत कर सकेगी ।

[4][**55क. "समुचित सरकार" की परिभाषा**—धारा 54 और 55 में "समुचित सरकार" पद से,—

(क) उन मामलों में केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है, जिनमें दंडादेश मृत्यु का दण्डादेश है, या ऐसे विषय से, जिस पर संघ की कार्यपालन शक्ति का विस्तार है, संबंधित किसी विधि के विरुद्ध अपराध के लिए है ; तथा

(ख) उन मामलों में उस राज्य की सरकार, जिसके अन्दर अपराधी दण्डादिष्ट हुआ है, अभिप्रेत है, जहां कि दंडादेश (चाहे मृत्यु का हो या नहीं) ऐसे विषय से, जिस पर राज्य की कार्यपालन शक्ति का विस्तार है, संबंधित किसी विधि के विरुद्ध अपराध के लिए है ।]

**56. [यूरोपियों तथा अमरीकियों को कठोरश्रम कारावास का दण्डादेश । दस वर्ष से अधिक किन्तु जो आजीवन कारावास से अधिक न हो, दण्डादेश के संबंध में परन्तुक ।]**—दांडिक विधि (मूलवंशीय विभेदों का निराकरण) अधिनियम, 1949 (1949 का 17) द्वारा (6 अप्रैल, 1949 से) निरसित ।

**57. दण्डावधियों की भिन्नें**—दण्डावधियों की भिन्नों का गणना करने में, आजीवन [1][कारावास] को बीस वर्ष के [1][कारावास] के तुल्य गिना जाएगा ।

**58. [निर्वासन से दण्डादिष्ट अपराधियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाए जब तक वे निर्वासित न कर दिए जाएं ।]**—दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1955 (1955 का 26) की धारा 117 और अनुसूची द्वारा (1 जनवरी, 1956 से) निरसित ।

**59. [कारावास के बदले निर्वासन ।]**—दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1955 (1955 का 26) की धारा 117 और अनुसूची द्वारा (1 जनवरी, 1956 से) निरसित ।

**60. दण्डादिष्ट कारावास के कतिपय मामलों में सम्पूर्ण कारावास या उसका कोई भाग कठिन या सादा हो सकेगा**—हर मामले में, जिसमें अपराधी दोनों में से किसी भांति के कारावास से दण्डनीय है, वह न्यायालय, जो ऐसे अपराधी को दण्डादेश देगा, सक्षम होगा कि दण्डादेश में यह निर्दिष्ट करे कि ऐसा सम्पूर्ण कारावास कठिन होगा, या यह कि ऐसा सम्पूर्ण कारावास सादा होगा, या यह कि ऐसे कारावास का कुछ भाग कठिन होगा और शेष सादा ।

**61. [सम्पत्ति के समपहरण का दण्डादेश ।]**—भारतीय दण्ड संहिता के समपहरण का दण्डादेश भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1921 (1921 का 16) की धारा 4 द्वारा निरसित ।

**62. [मृत्यु, निर्वासन या कारावास से दण्डनीय अपराधियों की बाबत सम्पत्ति का समपहरण ।]**—भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1921 (1921 का 16) की धारा 4 द्वारा निरसित ।

**63. जुर्माने की रकम**—जहां कि वह राशि अभिव्यक्त नहीं की गई है जितनी तक जुर्माना हो सकता है, वहां अपराधी जिस रकम के जुर्माने का दायी है, वह अमर्यादित है किन्तु अत्यधिक नहीं होगी ।

**64. जुर्माना न देने पर कारावास का दण्डादेश**—[5][कारावास और जुर्माना दोनों से दण्डनीय अपराध के हर मामले में, जिसमें अपराधी कारावास सहित या रहित, जुर्माने से दण्डादिष्ट हुआ है,]

---

[1] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा **"केन्द्रीय सरकार या उस प्रान्त की प्रान्तीय सरकार** जिसके भीतर अपराधी को दण्ड दिया जाएगा" के स्थान पर प्रतिस्थापित । मोटे शब्द भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश 1937 द्वारा "भारत सरकार या उस स्थान की सरकार" के स्थान पर प्रतिस्थापित किए गए थे ।

[2] 1955 के अधिनियम सं० 26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[3] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा **"उस प्रान्त की प्रान्तीय सरकार** जिसके भीतर अपराधी को दण्ड दिया जाएगा" के स्थान पर प्रतिस्थापित । मोटे शब्द भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश 1937 द्वारा "भारत सरकार या उस स्थान की सरकार" के स्थान पर प्रतिस्थापित किए गए थे ।

[4] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा धारा 55क के स्थान पर प्रतिस्थापित । धारा 55क भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937 द्वारा अंत:स्थापित की गई थी ।

[5] 1882 के अधिनियम सं० 8 की धारा 2 द्वारा "प्रत्येक ऐसी दशा में जिसमें अपराधी जुर्माने से दंडादिष्ट हुआ है" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[1][**124क. राजद्रोह**—जो कोई बोले गए या लिखे गए शब्दों द्वारा या संकेतों द्वारा, या दृश्यरूपण द्वारा या अन्यथा [2]*** [3][भारत] [4]*** में विधि द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा या अवमान पैदा करेगा, या पैदा करने का, प्रयत्न करेगा या अप्रीति प्रदीप्त करेगा, या प्रदीप्त करने का प्रयत्न करेगा, वह [5][आजीवन कारावास] से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या तीन वर्ष तक के कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

**स्पष्टीकरण 1**—"अप्रीति" पद के अंतर्गत अभक्ति और शत्रुता की समस्त भावनाएं आती हैं।

**स्पष्टीकरण 2**—घृणा, अवमान या अप्रीति को प्रदीप्त किए बिना या प्रदीप्त करने का प्रयत्न किए बिना, सरकार के कामों के प्रति विधिपूर्ण साधनों द्वारा उनको परिवर्तित कराने की दृष्टि से अननुमोदन प्रकट करने वाली टीका-टिप्पणियां इस धारा के अधीन अपराध नहीं हैं।

**स्पष्टीकरण 3**—घृणा, अवमान या अप्रीति को प्रदीप्त किए बिना या प्रदीप्त करने का प्रयत्न किए बिना, सरकार की प्रशासनिक या अन्य क्रिया के प्रति अननुमोदन प्रकट करने वाली टीका-टिप्पणियां इस धारा के अधीन अपराध गठित नहीं करती।]

**125. भारत सरकार से मैत्री संबंध रखने वाली किसी एशियाई शक्ति के विरुद्ध युद्ध करना**—जो कोई [6][भारत सरकार] से मैत्री का या शांति का संबंध रखने वाली किसी एशियाई शक्ति की सरकार के विरुद्ध युद्ध करेगा या ऐसा युद्ध करने का प्रयत्न करेगा, या ऐसा युद्ध करने के लिए दुष्प्रेरण करेगा, वह [7][आजीवन कारावास] से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

**126. भारत सरकार के साथ शांति का संबंध रखने वाली शक्ति के राज्यक्षेत्र में लूटपाट करना**—जो कोई [6][भारत सरकार] से मैत्री का या शांति का संबंध रखने वाली किसी शक्ति के राज्यक्षेत्र में लूटपाट करेगा, या लूटपाट करने की तैयारी करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और वह जुर्माने से और ऐसी लूटपाट करने के लिए उपयोग में लाई गई या उपयोग में लाई जाने के लिए आशयित, या ऐसी लूटपाट द्वारा अर्जित संपत्ति के समपहरण से भी दंडनीय होगा।

**127. धारा 125 और 126 में वर्णित युद्ध या लूटपाट द्वारा ली गई सम्पत्ति प्राप्त करना**—जो कोई किसी सम्पत्ति को यह जानते हुए प्राप्त करेगा कि वह धारा 125 और 126 में वर्णित अपराधों में से किसी के किए जाने में ली गई है वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और वह जुर्माने से और इस प्रकार प्राप्त की गई संपत्ति के समपहरण से भी दंडनीय होगा।

**128. लोक सेवक का स्वेच्छया राजकैदी या युद्धकैदी को निकल भागने देना**—जो कोई लोक सेवक होते हुए और किसी राजकैदी या युद्धकैदी को अभिरक्षा में रखते हुए, स्वेच्छया ऐसे कैदी को किसी ऐसे स्थान से जिसमें ऐसा कैदी परिरुद्ध है, निकल भागने देगा, वह [7][आजीवन कारावास] से या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**129. उपेक्षा से लोक सेवक का ऐसे कैदी का निकल भागना सहन करना**—जो कोई लोक सेवक होते हुए और किसी राजकैदी या युद्धकैदी को अभिरक्षा में रखते हुए उपेक्षा से ऐसे कैदी का किसी ऐसे परिरोध स्थान से जिसमें ऐसा कैदी परिरुद्ध है, निकल भागना सहन करेगा, वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी, दंडनीय होगा।

**130. ऐसे कैदी के निकल भागने में सहायता देना, उसे छुड़ाना या संश्रय देना**—जो कोई जानते हुए किसी राजकैदी या युद्धकैदी को विधिपूर्ण अभिरक्षा से निकल भागने में मदद या सहायता देगा, या किसी ऐसे कैदी को छुड़ाएगा, या छुड़ाने का प्रयत्न करेगा, या किसी ऐसे कैदी को, जो विधिपूर्ण अभिरक्षा से निकल भागा है, संश्रय देगा या छिपाएगा या ऐसे कैदी के फिर से पकड़े जाने का प्रतिरोध करेगा या करने का प्रयत्न करेगा, वह [7][आजीवन कारावास] से या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

---

[1] 1898 के अधिनियम सं० 4 की धारा 4 द्वारा मूल धारा 124क के स्थान पर प्रतिस्थापित। मूल धारा 124क को 1870 के अधिनियम सं० 27 की धारा 5 द्वारा अंतःस्थापित किया गया था।

[2] "हर मजेस्टी या" शब्दों का विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा लोप किया गया। "या क्राउन प्रतिनिधि" शब्दों का, जिन्हें भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937 द्वारा "मजेस्टी" शब्द के पश्चात् अंतःस्थापित किया गया था, भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948 द्वारा लोप किया गया।

[3] "ब्रिटिश भारत" शब्द अनुक्रमशः भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948, विधि अनुकूलन आदेश, 1950 और 1951 के अधिनियम सं०3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा प्रतिस्थापित किए गए हैं।

[4] "या ब्रिटिश बर्मा" शब्दों का, जिन्हें भारत शासन (भारतीय विधि अनुकूलन) आदेश, 1937 द्वारा अंतःस्थापित किया गया था, विधि अनुकूलन आदेश, 1948 द्वारा लोप किया गया।

[5] 1955 के अधिनियम सं०26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "आजीवन या उससे किसी लघुतर अवधि के लिए निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[6] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "क्वीन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[7] 1955 के अधिनियम सं०26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "आजीवन निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

**स्पष्टीकरण**—कोई राजकैदी या युद्धकैदी, जिसे अपने पैरोल पर [1][भारत] में कतिपय सीमाओं के भीतर, यथेच्छ विचरण की अनुज्ञा है, विधिपूर्ण अभिरक्षा से निकल भागा है, यह तब कहा जाता है, जब वह उन सीमाओं से परे चला जाता है, जिनके भीतर उसे यथेच्छ विचरण की अनुज्ञा है।

**अध्याय 7**

## सेना [2][नौसेना और वायुसेना] से संबंधित अपराधों के विषय में

**131. विद्रोह का दुष्प्रेरण या किसी सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक को कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करना**—जो कोई [3][भारत सरकार] की सेना, [4][नौसेना या वायुसेना] के किसी आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] द्वारा विद्रोह किए जाने का दुष्प्रेरण करेगा, या किसी ऐसे आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] को उसकी राजनिष्ठा या उसके कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करेगा, वह [6][आजीवन कारावास] से या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

[7]**[स्पष्टीकरण**—इस धारा में "आफिसर", [8]["सैनिक", [9]["नौसैनिक"] और "वायुसैनिक"] शब्दों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति आता है, जो यथास्थिति, [10][आर्मी ऐक्ट, [11][सेना अधिनियम, 1950 (1950 का 46)], [9][नेवल डिसिप्लिन ऐक्ट, [12]इंडियन नेवी (डिसिप्लिन) ऐक्ट, 1934 (1934 का 34)], [13]*** [14][एअर फोर्स ऐक्ट या [15][वायुसेना अधिनियम, 1950 (1950 का 45)]] के अध्यधीन हो]।]

**132. विद्रोह का दुष्प्रेरण यदि उसके परिणामस्वरूप विद्रोह किया जाए**—जो कोई [3][भारत सरकार] की सेना, [4][नौसेना या वायुसेना] के किसी आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] द्वारा विद्रोह किए जाने का दुष्प्रेरण करेगा, यदि उस दुष्प्रेरण के परिणामस्वरूप विद्रोह हो जाए, तो वह मृत्यु से या [6][आजीवन कारावास] से, या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और वह जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**133. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अपने वरिष्ठ आफिसर पर जब कि वह आफिसर अपने पद-निष्पादन में हो, हमले का दुष्प्रेरण**—जो कोई [3][भारत सरकार] की सेना, [4][नौसेना या वायुसेना] के किसी आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] द्वारा किसी वरिष्ठ आफिसर पर, जब कि वह आफिसर अपने पद-निष्पादन में हो, हमले का दुष्प्रेरण करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और वह जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**134. ऐसे हमले का दुष्प्रेरण यदि हमला किया जाए**—जो कोई [3][भारत सरकार] की सेना, [4][नौसेना या वायुसेना] के आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] द्वारा किसी वरिष्ठ आफिसर पर, जब कि वह आफिसर अपने पद-निष्पादन में हो, हमले का दुष्प्रेरण करेगा, यदि ऐसा हमला उस दुष्प्रेरण के परिणामस्वरूप किया जाए, तो वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और वह जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**135. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अभित्यजन का दुष्प्रेरण**—जो कोई [3][भारत सरकार] की सेना, [4][नौसेना या वायुसेना] के किसी आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] द्वारा अभित्यजन किए जाने का दुष्प्रेरण करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से दंडित किया जाएगा।

**136. अभित्याजक को संश्रय देना**—जो कोई सिवाय एतस्मिन्पश्चात् यथा अपवादित के, यह जानते हुए या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए कि [3][भारत सरकार] की सेना, [4][नौसेना या वायुसेना] के किसी आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] ने अभित्यजन किया है, ऐसे आफिसर, सैनिक, [5][नौसैनिक या वायुसैनिक] को संश्रय देगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से दंडित किया जाएगा।

**अपवाद**—इस उपबंध का विस्तार उस मामले पर नहीं है, जिसमें पत्नी द्वारा अपने पति को संश्रय दिया जाता है।

---

[1] ब्रिटिश भारत" शब्द अनुक्रमशः भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948, विधि अनुकूलन आदेश, 1950 और 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा प्रतिस्थापित किए गए हैं।

[2] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "और नौसेना" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[3] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "क्वीन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[4] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "या नौसेना" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[5] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "या नौसैनिक" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[6] 1955 के अधिनियम सं० 26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "आजीवन निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[7] 1870 के अधिनियम सं० 27 की धारा 6 द्वारा अंतःस्थापित।

[8] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "और सैनिक" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[9] 1934 के अधिनियम सं० 35 की धारा 2 और अनुसूची द्वारा अंतःस्थापित।

[10] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "हर मेजेस्टी की सेना सुशासन के लिए युद्ध नियमों या 1869 के अधिनियम सं० 5 में अन्तर्विष्ट युद्ध नियमों" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[11] 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा "भारतीय सेना अधिनियम, 1911" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[12] अब नौसेना अधिनियम, 1957 (1957 का 62) देखिए।

[13] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "वह अधिनियम द्वारा उपान्तरित" शब्दों का लोप किया गया।

[14] 1932 के अधिनियम सं० 14 की धारा 130 और अनुसूची द्वारा "या वायु सेना अधिनियम" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[15] 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा "भारतीय वायु सेना अधिनियम, 1932" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

**137. मास्टर की उपेक्षा से किसी वाणिज्यिक जलयान पर छिपा हुआ अभित्याजक**—किसी ऐसे वाणिज्यिक जलयान का, जिस पर [1][भारत सरकार] की सेना, [2][नौसेना या वायुसेना] का कोई अभित्याजक छिपा हुआ हो, मास्टर या भारसाधक व्यक्ति, यद्यपि वह ऐसे छिपने के संबंध में अनभिज्ञ हो, ऐसी शास्ति से दंडनीय होगा जो पांच सौ रुपए से अधिक नहीं होगी, यदि उसे ऐसे छिपने का ज्ञान हो सकता था किंतु केवल इस कारण नहीं हुआ कि ऐसे मास्टर या भारसाधक व्यक्ति के नाते उसके कर्तव्य में कुछ उपेक्षा हुई, या उस जलयान पर अनुशासन का कुछ अभाव था।

**138. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अनधीनता के कार्य का दुष्प्रेरण**—जो कोई ऐसी बात का दुष्प्रेरण करेगा जिसे कि वह [1][भारत सरकार] की सेना, [2][नौसेना या वायुसेना] के किसी आफिसर, सैनिक, [3][नौसैनिक या वायुसैनिक] द्वारा अनधीनता का कार्य जानता हो, यदि अनधीनता का ऐसा कार्य उस दुष्प्रेरण के परिणामस्वरूप किया जाए, तो वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दंडित किया जाएगा।

[4]**138क. [पूर्वोक्त धाराओं का भारतीय सामुद्रिक सेवा को लागू होना।]**—संशोधन अधिनियम, 1934 (1934 का 35) की धारा 2 और अनुसूची द्वारा निरसित।

**139. कुछ अधिनियमों के अध्यधीन व्यक्ति**—कोई व्यक्ति, जो [5][आर्मी ऐक्ट, [6][सेना अधिनियम, 1950, (1950 का 46)], नेवल डिसिप्लिन ऐक्ट, [7][[8]*** [9]इंडियन नेवी (डिसिप्लिन) ऐक्ट, 1934 (1934 का 34)], [10][एअर फोर्स ऐक्ट या [11][वायुसेना अधिनियम, 1950 (1950 का 45)]]] के अध्यधीन है, इस अध्याय में परिभाषित अपराधों में से किसी के लिए इस संहिता के अधीन दंडनीय नहीं है।

**140. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली पोशाक पहनना या टोकन धारण करना**—जो कोई [1][भारत सरकार] की सेन्य, [12][नाविक या वायुसेना का सैनिक], [3][नौसैनिक या वायुसैनिक] न होते हुए, इस आशय से कि यह विश्वास किया जाए कि वह ऐसा सैनिक, [3][नौसैनिक या वायुसैनिक] है, ऐसी कोई पोशाक पहनेगा या ऐसा टोकन धारण करेगा जो ऐसे सैनिक, [3][नौसैनिक या वायुसैनिक] द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली पोशाक या टोकन के सदृश हो, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो पांच सौ रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से, दंडित किया जाएगा।

## अध्याय 8

## लोक प्रशांति के विरुद्ध अपराधों के विषय में

**141. विधिविरुद्ध जमाव**—पांच या अधिक व्यक्तियों का जमाव "विधिविरुद्ध जमाव" कहा जाता है, यदि उन व्यक्तियों का, जिनसे वह जमाव गठित हुआ है, सामान्य उद्देश्य हो—

**पहला**—[13][केंद्रीय सरकार को, या किसी राज्य सरकार को, या संसद् को या, किसी राज्य के विधान-मंडल] को, या किसी लोक सेवक को, जब कि वह ऐसे लोक सेवक की विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग कर रहा हो, आपराधिक बल द्वारा, या आपराधिक बल के प्रदर्शन द्वारा, आतंकित करना, अथवा

**दूसरा**—किसी विधि के, या किसी वैध आदेशिका के, निष्पादन का प्रतिरोध करना, अथवा

**तीसरा**—किसी रिष्टि या आपराधिक अतिचार या अन्य अपराध का करना, अथवा

**चौथा**—किसी व्यक्ति पर आपराधिक बल द्वारा या आपराधिक बल के प्रदर्शन द्वारा, किसी संपत्ति का कब्जा लेना या अभिप्राप्त करना या किसी व्यक्ति को किसी मार्ग के अधिकार के उपभोग से, या जल का उपभोग करने के अधिकार या अन्य अमूर्त अधिकार से जिसका वह कब्जा रखता हो, या उपभोग करता हो, वंचित करना या किसी अधिकार या अनुमित अधिकार को प्रवर्तित कराना, अथवा

**पांचवां**—आपराधिक बल द्वारा या आपराधिक बल के प्रदर्शन द्वारा, किसी व्यक्ति को वह करने के लिए, जिसे करने के लिए वह वैध रूप से आबद्ध न हो या उसका लोप करने के लिए, जिसे करने का वह वैध रूप से हकदार हो, विवश करना।

---

[1] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "क्वीन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[2] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "या नौसेना" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[3] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "या नौसैनिक" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[4] 1887 के अधिनियम सं० 14 की धारा 79 द्वारा अंतःस्थापित।
[5] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "क्वीन की सेना या नौसेना या ऐसी सेना या नौसेना के किसी भी भाग के लिए किन्हीं युद्ध नियमों" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[6] 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा "भारतीय सेना अधिनियम, 1911" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[7] 1934 के अधिनियम सं० 35 की धारा 2 और अनुसूची द्वारा अंतःस्थापित।
[8] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "वह अधिनियम द्वारा उपान्तरित" शब्दों का लोप किया गया।
[9] अब नौसेना अधिनियम, 1957 (1957 का 62) देखिए।
[10] 1932 के अधिनियम सं० 14 की धारा 130 और अनुसूची द्वारा "या वायुसेना अधिनियम," के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[11] 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा "भारतीय वायुसेना अधिनियम, 1932" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[12] 1927 के अधिनियम सं० 10 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा "या नाविक" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[13] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "केंद्रीय या किसी प्रान्तीय सरकार या विधान-मंडल" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

अथवा, यदि समन, सूचना, आदेश या उद्‌घोषणा [1][किसी न्यायालय में स्वयं या अभिकर्ता द्वारा हाजिर होने के लिए या दस्तावेज अथवा इलैक्ट्रानिक अभिलेख पेश करने के लिए] हो, तो वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो एक हजार रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से,

दंडित किया जाएगा ।

**174. लोक सेवक का आदेश न मानकर गैर-हाजिर रहना**—जो कोई किसी लोक सेवक द्वारा निकाले गए उस समन, सूचना, आदेश या उद्‌घोषणा के पालन में, जिसे ऐसे लोक सेवक के नाते निकालने के लिए वह वैध रूप से सक्षम हो, किसी निश्चित स्थान और समय पर स्वयं या अभिकर्ता द्वारा हाजिर होने के लिए वैध रूप से आबद्ध होते हुए,

उस स्थान या समय पर हाजिर होने का साशय लोप करेगा, या उस स्थान से, जहां हाजिर होने के लिए वह आबद्ध है, उस समय से पूर्व चला जाएगा, जिस समय चला जाना उसके लिए विधिपूर्ण होता,

वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि एक मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो पांच सौ रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से,

अथवा, यदि समन, सूचना, आदेश या उद्‌घोषणा किसी न्यायालय में स्वयं या किसी अभिकर्ता द्वारा हाजिर होने के लिए है, तो वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो एक हजार रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से,

दंडित किया जाएगा ।

**दृष्टांत**

(क) **क** कलकत्ता [2][उच्च न्यायालय] द्वारा निकाले गए सपीना के पालन में उस न्यायालय के समक्ष उपसंजात होने के लिए वैध रूप से आबद्ध होते हुए, उपसंजात होने में साशय लोप करता है, **क** ने इस धारा में परिभाषित अपराध किया है ।

(ख) **क** [3][जिला न्यायाधीश] द्वारा निकाले गए समन के पालन में उस [3][जिला न्यायाधीश] के समक्ष साक्षी के रूप में उपसंजात होने के लिए वैध रूप से आबद्ध होते हुए, उपसंजात होने में साशय लोप करता है । **क** ने इस धारा में परिभाषित अपराध किया है ।

[4][**174क. 1974 के अधिनियम 2 की धारा 82 के अधीन किसी उद्‌घोषणा के उत्तर में गैर-हाजिरी**—जो कोई दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 82 की उपधारा (1) के अधीन प्रकाशित किसी उद्‌घोषणा की अपेक्षानुसार विनिर्दिष्ट स्थान और विनिर्दिष्ट समय पर हाजिर होने में असफल रहेगा, तो वह कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दंडित किया जाएगा और जहां उस धारा की उपधारा (4) के अधीन कोई ऐसी घोषणा की गई है जिसमें उसे उद्‌घोषित अपराधी के रूप में घोषित किया गया है, वहां वह ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा ।]

**175.** [5][**दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख**] **पेश करने के लिए वैध रूप से आबद्ध व्यक्ति का लोक सेवक को** [5][**दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख**] **पेश करने का लोप**—जो कोई किसी लोक सेवक को, ऐसे लोक सेवक के नाते किसी [5][दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख] को पेश करने या परिदत्त करने के लिए वैध रूप से आबद्ध होते हुए, उसको इस प्रकार पेश करने या परिदत्त करने का साशय लोप करेगा, वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि एक मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो पांच सौ रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से,

अथवा, यदि वह [5][दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख] किसी न्यायालय में पेश या परिदत्त की जानी हो, तो वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो एक हजार रुपए तक हो सकेगा, या दोनों से,

दण्डित किया जाएगा ।

**दृष्टांत**

**क,** जो एक [6][एक जिला न्यायालय] के समक्ष दस्तावेज पेश करने के लिए वैध रूप से आबद्ध है, उसको पेश करने का साशय लोप करता है । **क** ने इस धारा में परिभाषित अपराध किया है ।

**176. सूचना या इत्तिला देने के लिए वैध रूप से आबद्ध व्यक्ति द्वारा लोक सेवक को सूचना या इत्तिला देने का लोप**—जो कोई किसी लोक सेवक को, ऐसे लोक सेवक के नाते किसी विषय पर कोई सूचना देने या इत्तिला देने के लिए वैध रूप से आबद्ध होते हुए, विधि द्वारा अपेक्षित प्रकार से और समय पर ऐसी सूचना या इत्तिला देने का साशय लोप करेगा, वह सादा कारावास से, जिसकी अवधि एक मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो पांच सौ रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से,

---

[1] 2000 के अधिनियम सं० 21 की धारा 91 और पहली अनुसूची द्वारा कतिपय शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
[2] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "उच्चतम न्यायालय" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
[3] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "जिला न्यायाधीश" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
[4] 2005 के अधिनियम सं० 25 की धारा 44 द्वारा अंत:स्थापित ।
[5] 2000 के अधिनियम सं० 21 की धारा 91 और पहली अनुसूची द्वारा "दस्तावेज" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
[6] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "जिला न्यायालय" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

पेनलित या गृहीतशपथ विधि के प्रतिकूल हुआ है ऐसी जूरी में या ऐसे असेसर के रूप में स्वेच्छा सेवा करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दंडित किया जाएगा।

[1][**229क. जमानत या बंधपत्र पर छोड़े गए व्यक्ति द्वारा न्यायालय में हाजिर होने में असफलता**—जो कोई, किसी अपराध से आरोपित किए जाने पर और जमानत पर या अपने बंधपत्र पर छोड़ दिए जाने पर, जमानत या बंधपत्र के निबंधनों के अनुसार न्यायालय में पर्याप्त कारणों के बिना (जो साबित करने का भार उस पर होगा) हाजिर होने में असफल रहेगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से, या दोनों से, दंडित किया जाएगा।

**स्पष्टीकरण**—इस धारा के अधीन दंड—

(क) उस दंड के अतिरिक्त है, जिसके लिए अपराधी उस अपराध के लिए, जिसके लिए उसे आरोपित किया गया है, दोषसिद्धि पर दायी होता ; और

(ख) न्यायालय की बंधपत्र के समपहरण का आदेश करने की शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला नहीं है।]

**अध्याय 12**

## सिक्कों और सरकारी स्टाम्पों से संबंधित अपराधों के विषय में

**230. "सिक्का" की परिभाषा**—[2][सिक्का, तत्समय धन के रूप में उपयोग में लाई जा रही और इस प्रकार उपयोग में लाए जाने के लिए किसी राज्य या संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न शक्ति के प्राधिकार द्वारा, स्टाम्पित और प्रचालित धातु है।]

**भारतीय सिक्का**—[3][भारतीय सिक्का धन के रूप में उपयोग में लाए जाने के लिए भारत सरकार के प्राधिकार द्वारा स्टाम्पित और प्रचालित धातु है ; और इस प्रकार स्टाम्पित और प्रचालित धातु इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए भारतीय सिक्का बनी रहेगी, यद्यपि धन के रूप में उसका उपयोग में लाया जाना बन्द हो गया हो।]

**दृष्टांत**

(क) कौड़ियां सिक्के नहीं हैं।

(ख) अस्टाम्पित तांबे के टुकड़े, यद्यपि धन के रूप में उपयोग में लाए जाते हैं, सिक्के नहीं हैं।

(ग) पदक सिक्के नहीं हैं, क्योंकि वे धन के रूप में उपयोग में लाए जाने के लिए आशयित नहीं हैं।

(घ) जिस सिक्के का नाम कम्पनी रुपया है, वह [4][भारतीय सिक्का] है।

[5][(ङ) "फरूखाबाद रुपया", जो धन के रूप में भारत सरकार के प्राधिकार के अधीन पहले कभी उपयोग में लाया जाता था, [3][भारतीय सिक्का] है, यद्यपि वह अब इस प्रकार उपयोग में नहीं लाया जाता है।]

**231. सिक्के का कूटकरण**—जो कोई सिक्के का कूटकरण करेगा या जानते हुए सिक्के के कूटकरण की प्रक्रिया के किसी भाग को करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**स्पष्टीकरण**—जो व्यक्ति असली सिक्के को किसी भिन्न सिक्के के जैसा दिखलाई देने वाला इस आशय से बनाता है कि प्रवंचना की जाए या यह संभाव्य जानते हुए बनाता है कि तद्द्वारा प्रवंचना की जाएगी, वह यह अपराध करता है।

**232. भारतीय सिक्के का कूटकरण**—जो कोई [3][भारतीय सिक्के] का कूटकरण करेगा या जानते हुए भारतीय सिक्के के कूटकरण की प्रक्रिया के किसी भाग को करेगा, वह [6][आजीवन कारावास] से, या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**233. सिक्के के कूटकरण के लिए उपकरण बनाना या बेचना**—जो कोई किसी डाई या उपकरण को सिक्के के कूटकरण के लिए उपयोग में लाए जाने के प्रयोजन से, या यह जानते हुए या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए कि वह सिक्के के कूटकरण में उपयोग में लाए जाने के लिए आशयित है, बनाएगा या सुधारेगा या बनाने या सुधारने की प्रक्रिया के किसी भाग को करेगा, अथवा खरीदेगा, बेचेगा

[1] 2005 के अधिनियम सं० 25 की धारा 44 द्वारा अंत:स्थापित।
[2] 1872 के अधिनियम सं० 19 की धारा 1 द्वारा प्रथम मूल पैरा के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[3] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा पूर्ववर्ती पैरा के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[4] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "क्वीन का सिक्का" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
[5] 1896 के अधिनियम सं० 6 की धारा 1 द्वारा जोड़ा गया।
[6] 1955 के अधिनियम सं० 26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "आजीवन निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

या व्ययनित करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

**234. भारतीय सिक्के के कूटकरण के लिए उपकरण बनाना या बेचना**—जो कोई किसी डाई या उपकरण को भारतीय सिक्के के कूटकरण के लिए उपयोग में लाए जाने के प्रयोजन से, या यह जानते हुए या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए कि वह [1][भारतीय सिक्के] के कूटकरण में उपयोग में लाए जाने के लिए आशयित है, बनाएगा या सुधारेगा या बनाने या सुधारने की प्रक्रिया के किसी भाग को करेगा अथवा खरीदेगा, बेचेगा या व्ययनित करेगा वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

**235. सिक्के के कूटकरण के लिए उपकरण या सामग्री उपयोग में लाने के प्रयोजन से उसे कब्जे में रखना**— जो कोई किसी उपकरण या सामग्री को सिक्के के कूटकरण में उपयोग में लाए जाने के प्रयोजन से या यह जानते हुए या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए कि वह उस प्रयोजन के लिए उपयोग में लाए जाने के लिए आशयित है, अपने कब्जे में रखेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ;

**यदि भारतीय सिक्का हो**—और यदि कूटकरण किया जाने वाला सिक्का [2][भारतीय सिक्का] हो, तो वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

**236. भारत से बाहर सिक्के के कूटकरण का भारत में दुष्प्रेरण**—जो कोई [3][भारत] में होते हुए [3][भारत] से बाहर सिक्के के कूटकरण का दुष्प्रेरण करेगा, वह ऐसे दंडित किया जाएगा, मानो उसने ऐसे सिक्के के कूटकरण का दुष्प्रेरण [3][भारत] में किया हो ।

**237. कूटकृत सिक्के का आयात या निर्यात**—जो कोई किसी कूटकृत सिक्के का यह जानते हुए या विश्वास करने का कारण रखते हुए कि वह कूटकृत है, [3][भारत] में आयात करेगा या [3][भारत] से निर्यात करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

**238. भारतीय सिक्के की कूटकृतियों का आयात या निर्यात**—जो कोई किसी कूटकृत सिक्के को, यह जानते हुए या विश्वास करने का कारण रखते हुए कि वह [2][भारतीय सिक्के] की कूटकृति है, [3][भारत] में आयात करेगा या [3][भारत] से निर्यात करेगा, वह [4][आजीवन कारावास] से, या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

**239. सिक्के का परिदान जिसका कूटकृत होना कब्जे में आने के समय ज्ञात था**—जो कोई अपने पास कोई ऐसा कूटकृत सिक्का होते हुए जिसे वह उस समय, जब वह उसके कब्जे में आया था, जानता था कि वह कूटकृत है, कपटपूर्वक, या इस आशय से कि कपट किया जाए, उसे किसी व्यक्ति को परिदत्त करेगा या किसी व्यक्ति को उसे लेने के लिए उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

**240. उस भारतीय सिक्के का परिदान जिसका कूटकृत होना कब्जे में आने के समय ज्ञात था**—जो कोई अपने पास कोई ऐसा कूटकृत सिक्का होते हुए, जो [1][भारतीय सिक्के] की कूटकृति हो और जिसे वह उस समय, जब वह उसके कब्जे में आया था, जानता था कि वह [1][भारतीय सिक्के] की कूटकृति है, कपटपूर्वक, या इस आशय से कि कपट किया जाए, उसे किसी व्यक्ति को परिदत्त करेगा या किसी व्यक्ति को उसे लेने के लिए उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ।

**241. किसी सिक्के का असली सिक्के के रूप में परिदान, जिसका परिदान करने वाला उस समय जब वह उसके कब्जे में पहली बार आया था, कूटकृत होना नहीं जानता था**—जो कोई किसी दूसरे व्यक्ति को कोई ऐसा कूटकृत सिक्का, जिसका कूटकृत होना वह जानता हो, किन्तु जिसका वह उस समय, जब उसने उसे अपने कब्जे में लिया, कूटकृत होना नहीं जानता था, असली सिक्के के रूप में परिदान करेगा, या किसी दूसरे व्यक्ति को उसे असली सिक्के के रूप में लेने के लिए उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या इतने जुर्माने से, जो कूटकृत सिक्के के मूल्य के दस गुने तक का हो सकेगा, या दोनों से, दंडित किया जाएगा ।

**दृष्टांत**

**क,** एक सिक्काकार, अपने सह-अपराधी **ख** को कूटकृत कम्पनी का रुपए चलाने के लिए परिदत्त करता है, **ख** उन रुपयों को सिक्का चलाने वाले एक दूसरे व्यक्ति **ग** को बेच देता है, जो उन्हें कूटकृत जानते हुए खरीदता है । **ग** उन रुपयों को **घ** को, जो उनको कूटकृत न जानते हुए प्राप्त करता है, माल के बदले दे देता है । **घ** को रुपया प्राप्त होने के पश्चात् यह पता चलता है कि वे रुपए कूटकृत हैं, और वह उनको इस प्रकार चलाता है, मानो वे असली हों । यहां, **घ** केवल इस धारा के अधीन दंडनीय है, किन्तु **ख** और **ग,** यथास्थिति, धारा 239 या 240 के अधीन दंडनीय हैं ।

---

[1] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "क्वीन के सिक्के" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा "क्वीन का सिक्का" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[3] "ब्रिटिश भारत" शब्द अनुक्रमशः भारतीय स्वतंत्रता (केन्द्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश अनुकूलन) आदेश, 1948, विधि अनुकूलन आदेश, 1950 और 1951 के अधिनियम सं० 3 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा प्रतिस्थापित किए गए हैं ।

[4] 1955 के अधिनियम सं० 26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "आजीवन निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**252. ऐसे व्यक्ति द्वारा सिक्के पर कब्जा जो उसका परिवर्तित होना उस समय जानता था जब वह उसके कब्जे में आया**—जो कोई कपटपूर्वक, या इस आशय से कि कपट किया जाए, ऐसे सिक्के को कब्जे में रखेगा, जिसके बारे में धारा 246 या 248 में से किसी में परिभाषित अपराध किया गया हो और जो उस समय, जब वह सिक्का उसके कब्जे में आया था, यह जानता था कि उस सिक्के के बारे में ऐसा अपराध किया गया है, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**253. ऐसे व्यक्ति द्वारा भारतीय सिक्के पर कब्जा जो उसका परिवर्तित होना उस समय जानता था जब वह उसके कब्जे में आया**—जो कोई कपटपूर्वक, या इस आशय से कि कपट किया जाए, ऐसे सिक्के को कब्जे में रखेगा, जिसके बारे में धारा 247 या 249 में से किसी में परिभाषित अपराध किया गया हो और जो उस समय, जब यह सिक्का उसके कब्जे में आया था, यह जानता था कि उस सिक्के के बारे में ऐसा अपराध किया गया है, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**254. सिक्के का असली सिक्के के रूप में परिदान जिसका परिदान करने वाला उस समय जब वह उसके कब्जे में पहली बार आया था, परिवर्तित होना नहीं जानता था**—जो कोई किसी दूसरे व्यक्ति को कोई सिक्का, जिसके बारे में वह जानता हो कि कोई ऐसी क्रिया, जैसी धारा 246, 247, 248 या 249 में वर्णित है, की जा चुकी है, किन्तु जिसके बारे में वह उस समय, जब उसने उसे अपने कब्जे में लिया था, यह न जानता था कि उस पर ऐसी क्रिया कर दी गई है, असली के रूप में, या जिस प्रकार का वह है उससे भिन्न प्रकार के सिक्के के रूप में, परिदत्त करेगा या असली के रूप में या जिस प्रकार का वह है उससे भिन्न प्रकार के सिक्के के रूप में, किसी व्यक्ति को उसे लेने के लिए उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या इतने जुर्माने से, जो उस सिक्के की कीमत के दस गुने तक का हो सकेगा, जिसके बदले में परिवर्तित सिक्का चलाया गया हो या चलाने का प्रयत्न किया गया हो, दंडित किया जाएगा।

**255. सरकारी स्टाम्प का कूटकरण**—जो कोई सरकार द्वारा राजस्व के प्रयोजन के लिए प्रचालित किसी स्टाम्प का कूटकरण करेगा या जानते हुए उसके कूटकरण की प्रक्रिया के किसी भाग को करेगा, वह [1][आजीवन कारावास] से, या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**स्पष्टीकरण**—वह व्यक्ति इस अपराध को करता है, जो एक अभिधान के किसी असली स्टाम्प को भिन्न अभिधान के असली स्टाम्प के समान दिखाई देने वाला बना कर कूटकरण करता है।

**256. सरकारी स्टाम्प के कूटकरण के लिए उपकरण या सामग्री कब्जे में रखना**—जो कोई सरकार के द्वारा राजस्व के प्रयोजन के लिए प्रचालित किसी स्टाम्प के कूटकरण के लिए उपयोग में लाए जाने के प्रयोजन से, या यह जानते हुए या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए कि वह ऐसे कूटकरण के लिए उपयोग में लाए जाने के लिए आशयित है, कोई उपकरण या सामग्री अपने कब्जे में रखेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**257. सरकारी स्टाम्प के कूटकरण के लिए उपकरण बनाना या बेचना**—जो कोई सरकार के द्वारा राजस्व के प्रयोजन के लिए प्रचालित किसी स्टाम्प के कूटकरण के लिए उपयोग में लाए जाने के प्रयोजन से, या यह जानते हुए या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए कि वह ऐसे कूटकरण के लिए उपयोग में लाए जाने के लिए आशयित है, कोई उपकरण बनाएगा या बनाने की प्रक्रिया के किसी भाग को करेगा या ऐसे किसी उपकरण को खरीदेगा, या बेचेगा या व्ययनित करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**258. कूटकृत सरकारी स्टाम्प का विक्रय**—जो कोई किसी स्टाम्प को यह जानते हुए या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए बेचेगा या बेचने की प्रस्थापना करेगा कि वह सरकार द्वारा राजस्व के प्रयोजन के लिए प्रचालित किसी स्टाम्प की कूटकृति है, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**259. सरकारी कूटकृत स्टाम्प को कब्जे में रखना**—जो कोई असली स्टाम्प के रूप में उपयोग में लाने के या व्ययन करने के आशय से, या इसलिए कि वह असली स्टाम्प के रूप में उपयोग में लाया जा सके, किसी ऐसे स्टाम्प को अपने कब्जे में रखेगा, जिसे वह जानता है कि वह सरकार द्वारा राजस्व के प्रयोजन के लिए प्रचालित स्टाम्प की कूटकृति है वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।

**260. किसी सरकारी स्टाम्प को, कूटकृत जानते हुए उसे असली स्टाम्प के रूप में उपयोग में लाना**—जो कोई किसी ऐसे स्टाम्प को, जिसे वह जानता है कि वह सरकार द्वारा राजस्व के प्रयोजन के लिए चालित स्टाम्प की कूटकृति है, असली स्टाम्प के रूप में उपयोग में लाएगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दंडित किया जाएगा।

---

[1] 1955 के अधिनियम सं० 26 की धारा 117 और अनुसूची द्वारा "आजीवन निर्वासन" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

